**कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद -500 009**
**OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS**
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

**दूरभाष/TELE: 040-27843385** **फैक्स/FAX:040-27817275**

सं. हि0क0/2181/रा0भा0/बैठक दिनांक : 27.03.2017

विषय : 03/2017 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।

*******

इस कार्यालय की 03/2017 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 17.03.2017 को दोपहर 3.00 बजे सम्मेलन कक्ष में किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्री ए. विश्वेश्वर राव, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने की ।

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों तथा सदस्यों ने भाग लिया ।

| क्रम सं. | अधिकारी/सदस्य का नाम | पदनाम | बैठक में पद |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री ए. विश्वेश्वर राव, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा नियंत्रक | अध्यक्ष |
| 2. | श्री बी. शिव शंकर, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री प्रेमसागर मीना, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | सदस्य |
| 4. | श्री एन. पट्टाभिरामा राव | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 5. | श्री एम.एस.वी. माथुर | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 6. | श्रीमती जी. धनलक्ष्मी | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्री आर. चंद्रशेखर राव | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 8. | श्री टी. विजयन् | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 9. | श्रीमती सुवर्ण ज्योति कुमुद | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 10. | श्री रमेश चंद्र पट्टनायक | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 11. | श्री मोहम्मद खाजा मोहियुद्दीन | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 12. | श्रीमती देवकी सुब्रमणियम् | वरिष्ठ हिंदी अनुवादक | सदस्य सचिव |

<u>अन्य उपस्थित :</u>

श्रीमती ओनिमा के. दास, कनिष्ठ अनुवादक

## "बैठक का कार्यवृत्त"

सर्वप्रथम समिति के दो नए सदस्यों श्री एम.एस.वी. माथुर, वरिष्ठ लेखा अधिकारी और श्री रमेश चंद्र पट्टनायक, वरिष्ठ लेखा अधिकारी का परिचय देते हुए सभी सदस्यों का स्वागत किया गया और अध्यक्ष महोदय की अनुमति के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

**मद सं.1 - दिनांक 19.12.2016 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि तथा पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा :**

सभी अधिकारियों एवं सदस्यों ने दिनांक 19.12.2016 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्वसम्मति से कर दी ।

इस कार्यालय में दिनांक 19.12.2016 को आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा मदवार निम्नानुसार है :-

1. हिंदी कार्यशाला का आयोजन - वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे) सेना आयुध कोर, सिकंदराबाद में दिनांक 27.02.2017 से 03.03.2017 तक की अवधि के दौरान पाँच दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में वे.ले.का. के साथ-साथ आं.ले.प.का., स्था.ले.प.का. (ए) और स्था.ले.प.का. (बी) के कर्मचारियों ने भी भाग लिया । कुल 19 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया ।

2. ट्यूलिप परियोजना में हिंदी को शामिल किया जाना - पिछली बैठक में सूचित किया गया था कि आई.टी.एस.डी.सी. को वेतन पर्ची (Pay slip) के सभी फील्डों (कुल 135 मद) और रिजेक्शन मेमो का हिंदी अनुवाद सुषा फाँट में बनाकर दिया गया है । साथ ही सा.भ.नि. से संबंधित कार्यालय टिप्पणी को, जो सीधे ट्यूलिप से जेनरेट होती है, द्विभाषी बनाकर आई.टी.एस.डी.सी. को भेजा गया है। लेकिन अभी तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है । इस संबंध में आई.टी.एस.डी.सी. के नियंत्रक महोदय को हमारे नियंत्रक महोदय की ओर से एक अ.शा.पत्र भी भेजा गया है । अभी उसका उत्तर प्रतीक्षित है ।

   नियंत्रक महोदय ने कहा कि ट्यूलिप परियोजना के बकाया मदों पर आई.टी.एस.डी.सी., को एक पत्र लिखा जा रहा है । उसी क्रम में ट्यूलिप परियोजना में हिंदी को शामिल करने के संबंध में एक और अ.शा. पत्र लिखा जाए ।

3. मंत्रालय की शील्ड योजना - पिछली बैठक में नियंत्रक महोदय ने कहा था कि मंत्रालय की राजभाषा शील्ड योजना के संबंध में वे रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक को एक अ.शा. पत्र लिखना चाहेंगे । उसी क्रम में श्री पुष्कल उपाध्याय, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा संयुक्त महायिंत्रक महोदय को र.ले.नि. महोदय की ओर से एक अ.शा. पत्र लिखा गया है ।

**मद सं. 2 - पिछली दो तिमाहियों 09/2016 तथा 12/2016 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा :**

इस संगठन की पिछली दो तिमाहियों 09/2016 तथा 12/2016 की तिमाही प्रगति रिपोर्टों के आंकडों की तुलनात्मक समीक्षा निम्नानुसार है :-

1. धारा 3(3) के अधीन जारी किये गये कार्यालय आदेश भाग 1, कार्यालय आदेश भाग 2, परिपत्र आदि :

| तिमाही का नाम | कुल जारी | द्विभाषी | अंग्रेज़ी |
|---|---|---|---|
| 09/2016 | 317 | 317 | शून्य |
| 12/2016 | 339 | 339 | शून्य |

2. <u>हिंदी पत्राचार की स्थिति</u> :

| तिमाही का नाम | हिंदी पत्रों की संख्या | अंग्रेज़ी पत्रों की संख्या | हिंदी पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 09/2016 | 16205 | 7315 | 68.89% |
| 12/2016 | 19966 | 5844 | 77.35% |

**मद सं. 3 - रक्षा लेखा महानियंत्रक, नई दिल्ली के कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों / परिपत्रों पर कार्रवाई की समीक्षा -** समिति को अवगत कराया गया कि पिछली तिमाही में महानियंत्रक कार्यालय से केवल 07 पत्र प्राप्त हुए हैं । इसमें से एक पत्र के अधीन 12/2016 को समाप्त तिमाही तक निरीक्षित कार्यालयों का ब्यौरा माँगा गया था जो मुख्यालय कार्यालय को भेज दिया गया है । एक और पत्र में हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने के लिए हिंदी प्रोत्साहन योजना की राशि को बढ़ाने संबंधी राजभाषा विभाग के आदेश को भेजा गया था जिसको परिचालित करते हुए कार्यालय आदेश भाग-1 जारी कर दिया गया है । इसके साथ-साथ हिंदी कार्यशाला में व्याख्यान के लिए देय मानदेय की राशि को भी बढ़ा दिया गया है जिससे संबंधित आदेश मुख्यालय कार्यालय से प्राप्त हुआ है । एक और पत्र के अधीन महानियंत्रक कार्यालय में आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त मिला है जिसमें इस संगठन के लिए कोई विशेष आदेश नहीं हैं । मुख्यालय कार्यालय ने वर्ष 2017-18 के लिए इस संगठन के निरीक्षण कार्यक्रम की सूचना माँगी थी जिसके उत्तर में आगामी वर्ष के लिए नियंत्रक महोदय द्वारा अनुमोदित निरीक्षण कार्यक्रम की प्रति मुख्यालय कार्यालय को भेजी जा चुकी है । साथ ही एक पत्र में मुख्यालय कार्यालय ने निदेश दिया है कि संसदीय राजभाषा समिति की प्रश्नावली को भरते समय ''मुख्यालय से संबंधित है'', ऐसा लिखने से पहले मुख्यालय को सूचित किया जाए ।

**मद सं. 4 - वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा -** समिति के सदस्यों को बताया गया कि राजभाषा विभाग द्वारा जारी वर्ष 2016-17 के वार्षिक कार्यक्रम के लक्ष्यों को इस संगठन द्वारा लगभग पूरा कर लिया गया है । सदस्य सचिव ने सदस्यों के सामने मार्च 2016 की तुलना में दिसंबर, 2016 को समाप्त तिमाही की स्थिति को प्रस्तुत किया । सदस्यों ने दर्ज की गई प्रगति पर हर्ष प्रकट किया ।

**मद सं. 5 - संगठन में हिंदी संवर्ग की समीक्षा** :

इस संगठन में हिंदी संवर्ग की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | पद | प्राधिकृत | तैनात | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी अधिकारी | 02 | शून्य | 02 |
| 2. | वरिष्ठ हिंदी अनुवादक | 02 | 01 | 01 |
| 3. | कनिष्ठ हिंदी अनुवादक | 01 | 03 | शून्य |
| 4. | हिंदी टंकक | 02 | शून्य | 02 |

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि प्रत्येक बैठक में हिंदी संवर्ग की स्थिति की समीक्षा की जा रही है परंतु मुख्यालय कार्यालय द्वारा रिक्त पदों को भरने हेतु कोई कार्रवाई नहीं की गई है । उन्होंने निदेश दिया कि इस संबंध में मुख्यालय कार्यालय को एक पत्र लिखा जाए ।

**मद सं. 7 - अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अधिकारियों/सदस्यों की ओर से अन्य कोई सुझाव** :

सुझाव सं. 1 - अध्यक्ष महोदय ने कहा कि हिंदी प्रोत्साहन योजना की राशि बहुत अधिक बढ़ गई है । इसके बारे में सभी को बताया जाना चाहिए और इस योजना का प्रचार किया जाना चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकें ।

सुझाव सं. 2 - सदस्य सचिव ने बताया कि मुख्यालय कार्यालय ने निदेश दिया है कि छोटे कार्यालयों के लिए एक संयुक्त हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जाना चाहिए । अध्यक्ष महोदय ने कहा कि हैदराबाद-सिकंदराबाद स्थित सभी ले.अ., जी.ई एवं स.ले.अ., बी.एस.ओ. कार्यालयों के लिए एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जाए ।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई ।

रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने देख लिया है ।

**हस्ता/-**
**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)**

सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

1. सहायक निदेशक (राजभाषा), कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक, पालम, दिल्ली ।
2. सहायक निदेशक (राजभाषा), हिंदी अनुभाग, रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग), नई दिल्ली ।
3. सचिव,नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, केन्द्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान, संतोषनगर, हैदराबाद।
4. क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, कोरमंगला, बेंगलूर ।
5. सभी अधिकारी / सदस्य (उनके नाम से)
6. सभी प्रभारी अधिकारी, सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)/ सभी अनुभाग (स्थानीय)

**हस्ता/-**
**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)**